अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन पर्व पर गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के नेतृत्त्व में एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन।

आज दिनांक 21 जून 2022 दिन मंगलवार के पावन अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के नेतृत्व में राष्ट्रीय योगी सेना के द्वारा गीड़ा गोरखपुर द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी "आभासी" ने रक्त दाताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए बताया की योग का महत्व

आज के आधुनिक दौर में व्यस्तता के बीच शरीर को निरोग और स्वस्थ रखने में योग सभी की मदद करता है। शारीरिक और मानसिक प्रकार की सभी बिमारियों को शरीर से दूर रखने के साथ ही योग सभी के जीवन पर पॉजिटिव प्रभाव छोड़ता है। रोजाना योग करने से शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में विकास होने के साथ ही तनाव और डिप्रेशन भी कम होता है।

इस अवसर पर उपस्थित ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर ममता जायसवाल ने रक्त दाताओं के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि यूएन द्वारा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 की थीम भी कोरोना वायरस के प्रभाव को देखते हुए चुनी गई है। योग शब्द संस्कृत के दो शब्दों से बना है - "युज", जिसका अर्थ है एक साथ और "युजीर", जिसका अर्थ है-एकजुट होना

इस अवसर पर उपस्थित गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक मेजर जनरल डॉक्टर अतुल वाजपेई जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया की योग का मानव जीवन में महत्व देखते हुए साल 2015 से पूरे विश्व में 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस (International Yoga Day) मनाया जा रहा है। इस साल 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस खास दिन की पहल भारत के

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण से की थी।

इस अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के टेक्निकल सुपरवाइजर श्री अमित मिश्रा जी ने सभी रक्त दाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं रक्तदान की लाभ के बारे में विस्तार से बताया जैसे कि रक्तदान करने से व्यक्ति स्वस्थ तो रहता ही है इसके साथ ही साथ एक रक्तदान से 4 लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सकती है तथा रक्तदाता को किसी प्रकार की कोई हानि नहीं होती है बल्कि रक्तदाता को भी स्वास्थ्य लाभ होता है जैसे कि हृदय रोग कैंसर कोलेस्ट्रोल इत्यादि नाना प्रकार की बीमारियों से रक्तदाता बचे भी रहते हैं।

इस अवसर पर निम्न रक्त दाताओं ने रक्तदान किया जैसे की अमित श्रीवास्तव अभिषेक रितेश्वर कौस्तुक नितेश सहित कुल 22 रक्त दाताओं ने रक्तदान शिविर में भाग लिया

कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ कामेश्वर सिंह जी ने सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए